एक नजर में

कलेक्टर द्वारा रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता दी

राजगढ़ 09 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा ममता बाई को 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस के माध्यजम से प्रदाय की गई. आवेदिका के द्वारा बताया गया कि आवेदिका के पति की मृत्यु उपचार के दौरान हो गई थी. आवेदिका के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं.

गौवंश को सड़क हादसों से बचाने लगाए रेडियम

नरसिंहगढ़ 09 जुलाई, सं. बजरंग दल इकाई ने सेवा सप्ताह के तहत निराश्रित गोवंश को सड़क हादसों से बचने के लिए बुधवार रात गोवंश के सिंह में रेडियम लगाया. यह अभियान 3 दिन से चल रहा है. कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे एनएच 46 चिन्हित स्थान पर गोवंश को रेडिया लगाने का कार्य किया. साथ ही बजरंग दल में समाज से निवेदन किया कि एक किसान एक गाय रखें जिससे गाय की रक्षा होगी गोवंश गौशाला में रखने के लिए नहीं वहां किसान के खुटे की शोभा है धार्मिक आयोजन में भी गोवंश और गोसंवर्धन के महत्व को शामिल किया जाए. साथ ही वाहन चालकों से भी कहा कि बरसात के समय सुखा स्थान की तलाश में गाय सड़क पर बैठती है. बरसात के समय में थोडा देख कर अपने वाहनों को धीमी गति से चलाए आप भी दुर्घटना से बचे ओर बेसहारो को भी बचाए. इस अभियान में प्रखंड मंत्री उदय मीणा, प्रखंड सह गोरक्षा प्रमुख मनोज कुशवाहा, नगर संयोजक अरुण वर्मा, नगर महाविद्यालय प्रमुख योगेश कुशवाहा, पवन कुशवाह, संजय, नगर बजरंग दल के कार्यकर्ता देवगढ़ बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल रहे.

मगराना में 5 छात्राओं को मिली साइकिल

पडाना 09 जुलाई, सं. शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा देने के उद्देश्य से संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल मगराना में नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार शामिल हुए. उनके साथ ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि महेश गुर्जर, स्थानीय ग्रामीण धर्मेंद्र गुर्जर, संस्था प्रभारी मोहन वर्मा सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं. मुख्य अतिथियों के कर-कमलों से कुल 5 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलें प्रदान की गईं. जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और बेटियों के सशक्तिकरण की है. ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि महेश गुर्जर ने कहा कि पंचायत शिक्षा के हर कार्य में सहयोग के लिए तैयार है. संस्था प्रभारी मोहन वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और शिक्षकों से छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया. इस मौके पर प्रेम सिंह भिलाला, रईस अंसारी, श्याम सिंह भिलाला, जगदीश प्रसाद मालवीय, दिनेश परमार, मनीष सेन, जगदीश परमार, मुकेश वैष्णव, मीनाजी, आरडी वंशकार, मनीष पुष्पद, नरेंद्र राजपूत इत्यादि उपस्थित थे.

5 मिनट तक खतरे और खौफ में रहीं नन्हीं जानें

स्कूल वैन रेलवे क्रॉसिंग पर दोनों गेट के बीच फंसी, बड़ा हादसा होने से बचा

जल्दबाजी के चक्कर में पटरियों के बीच फंसी वैन

घटना बुधवार दोपहर लगभग 3.30 बजे की बताई जा रही है. आगर रोड स्थित रेलवे गेट क्रमांक 59 पर नियमानुसार ट्रेन के आने का समय होने पर गेटमैन द्वारा फाटक बंद किया जा रहा था. इसी दौरान बच्चों से भरी एक मैजिक स्कूल वैन के चालक ने लापरवाही और जल्दबाजी दिखाते हुए तेज रफ्तार में वैन को बंद होते गेट के अंदर घुसा दिया. वैन दूसरी तरफ से बाहर निकल पाती, इससे पहले ही उस छोर का गेट बंद हो गया और वैन सीधे रेल पटरियों के बीचो-बीच फंस गई.

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 09 जुलाई, सं. शहर के आगर रोड स्टेट हाईवे स्थित रेलवे गेट क्रमांक 59 (जयनगर के पास) पर बुधवार दोपहर एक बार फिर बड़ी लापरवाही सामने आई. स्कूल वैन चालक की जल्दबाजी और रेलवे गेटमैन की हठधर्मिता के कारण दर्जनों स्कूली बच्चों की जान दांव पर लग गई. ट्रेन आने के वक्त वैन बीच पटरियों पर फंस गई, और इस बेहद संवेदनशील स्थिति में भी जिम्मेदार अपनी गलती सुधारने के बजाय आपस में उलझते रहे. यदि स्थानीय लोग तत्परता नहीं दिखाते, तो एक भीषण और दिल दहला देने वाला हादसा घटित हो सकता था.

लापरवाही

गेट नंबर 59 खुला था उसी दौरान मेंटेनेंस इंजन टावर वैगन ट्रेन गुजरी, उसी समय स्कूल वाहन क्रॉस कर रहा था

गेटमैन की लापरवाही, ट्रेन गुजरी, बड़ा हादसा टला

मेडिकेयर कॉलेज के विद्यार्थी प्रवीण सूत्री में

सारंगपुर 13 सितम्बर, सं.

5 मिनट तक चलता रहा तमाशा, खौफ में रहे मासूम

जैसे ही वैन पटरियों के बीच फंसी, गेटमैन और मैजिक चालक के बीच तीखी बहस और चिल्लाचोट शुरू हो गई. हैरानी की बात यह रही कि इस बेहद खतरनाक मोड़ पर जब कभी भी ट्रेन आ सकती थी, दोनों पक्ष करीब 4 से 5 मिनट तक अपनी हठधर्मिता पर अड़े रहे और मौके पर तमाशा चलता रहा. इस पूरी बहसबाजी के दौरान सहमे और डरे हुए मासूम बच्चे वैन के अंदर ही बैठे रहे. उन्हें बाहर निकालने तक की जहमत नहीं उठाई गई.

लोगों के दखल के बाद खुला फाटक

वहां मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने जब स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चिल्लाचोट की और दोनों को समझाइश दी, तब कहीं जाकर गेटमैन ने फाटक खोला और वैन को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि कुछ मिनट की भी देरी होती तो परिणाम बेहद भयानक हो सकते थे.

प्रशासन ने वैन को कब्जे में लिया, स्कूल संचालक बोले- कार्रवाई होगी

इस गंभीर मामले के तूल पकड़ने के बाद गुरुवार को प्रशासन हरकत में आया. बताया जा रहा है कि प्रशासन ने मास्टरमाइंड स्कूल से संबद्ध इस वैन और उसके चालक को अपने कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है. इस संबंध में जब मास्टरमाइंड स्कूल के संचालक एस. पाटीदार से बात की गई. तो उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ या ऐसी लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने वैन संचालक के खिलाफ सख्त और उचित कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है.

पूर्व की घटनाओं से सबक नहीं ले रहे रेलवे अधिकारी

इस घटना ने एक बार फिर रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि पूर्व में हुए हादसों और लापरवाहियों से अधिकारी सबक क्यों नहीं ले रहे हैं. 10 महीने पुरानी लापरवाही-गौरतलब है कि करीब 10 माह पूर्व, 12 सितंबर 2025 को दोपहर 3.30 बजे इसी रेलवे गेट पर गेट कर्मचारी लोकेश बैरागी की बड़ी लापरवाही सामने आई थी. तब ट्रेन आने के बावजूद रेलवे गेट खुला रह गया था और मेंटेनेंस इंजन खुले गेट से गुजर गया था. ठीक उसी समय वहां से एक स्कूल वैन भी गुजर रही थी. उस घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने महज औपचारिकता निभाते हुए गेटमैन लोकेश बैरागी को कुछ समय के लिए वहां से हटा दिया था. लेकिन चर्चा है कि अधिकारियों से साठगांठ कर उक्त कर्मचारी पुन: इसी संवेदनशील गेट पर तैनात हो गया, जिसके चलते आज फिर ऐसी स्थिति निर्मित हुई.

पीडीएस पारदर्शिता के लिए री-ईकेवाईसी तेज

पड़ाना 09 जुलाई, सं. सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और फर्जीवाड़ा मुक्त बनाने के लिए खाद्य विभाग ने पड़ाना क्षेत्र में री-ईकेवाईसी का विशेष अभियान शुरू किया है. विभाग के ऑपरेटर नितिन एवं सेल्समेन सुभाष खाती ने बताया कि पड़ाना में कुल 5 हजार 512 हितग्राही पंजीकृत हैं. जिनमें से दो हजार से अधिक हितग्राहियों की ईकेवाईसी अब तक लंबित थी. सरकार के निर्देशों के बाद विभाग ने इस काम को प्राथमिकता से शुरू किया. बुधवार तक एक हजार हितग्राहियों ने कार्यालय पहुंचकर अपनी री-ईकेवाईसी पूर्ण करवा ली है. सुभाष खाती के अनुसार जो बुजुर्ग और दिव्यांगजन किसी कारण से कार्यालय नहीं आ पा रहे हैं. उनके लिए विभागीय कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर ईकेवाईसी की जा रही है. ताकि कोई भी पात्र हितग्राही इस प्रक्रिया से वंचित न रहे. शेष बचे हितग्राहियों से भी अपील की गई है कि वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकान या खाद्य कार्यालय में आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ पहुंचकर ईकेवाईसी करवाएं. सरकार द्वारा पीडीएस में ईकेवाईसी को अनिवार्य किए जाने का मुख्य उद्देश्य व्यवस्था में पारदर्शिता लाना और पात्र लोगों तक ही राशन का लाभ पहुंचाना है. आधार से लिंक होने के बाद डुप्लीकेट और फर्जी राशन कार्ड अपने आप समाप्त हो जाएंगे.

राजगढ़ कॉलेज के 20 छात्रों का मल्टीनेशनल कंपनियों में चयन

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्लेसमेंट

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 जुलाई, का. प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय श्री राजू जैतवार द्वारा बताया गया कि शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्लेसमेंट अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है. इस वर्ष चारों शाखाओं के कुल 20 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों में हुआ है, जहाँ उन्हें 1.87 लाख से 3.71 लाख रूपये वार्षिक (एलपीए) तक के आकर्षक पैकेज प्राप्त हुए हैं.

चयन करने वाली प्रमुख कंपनियों में माईक्रॉन, जॉन डीयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस सोलर, सिंथमेड लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, मैनकाइंड फार्मा, एसआरएफ लिमिटेड, कृष्णा मारुति लिमिटेड, एवी टेक (सीके बिड़ला ग्रुप), टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, बैंको प्रोडक्ट्स, जेबीएम ऑटो, सुब्रॉस लिमिटेड, कमिंस इंडिया लिमिटेड, रंगसन्स एयरोस्पेस तथा फाइवले ट्रांसपोर्ट रेल टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं.

महाविद्यालय प्राचार्य श्री जैतवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ तथा सभी विभागों के संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है. महाविद्यालय परिवार सभी चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता है.

जागरुकता का आयोजन

राजगढ़ 09 जुलाई, का. गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग राजगढ़ में साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी धोखाधड़ी तथा सोशल मीडिया सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था. यह अभियान मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा नागरिकों में साइबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा है.

शाला परिसर में पौधे लगाए, रख-रखाव का वचन भी लिया

पौधरोपण ग्राम पंचायत गोरिया खेड़ा में किया जिला कलेक्टर, जिपं सीईओ हुए शामिल

नवभारत न्यूज

जीरापुर 09 जुलाई, सं. समीपवर्ती ग्राम पंचायत गोरिया खेड़ा में एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला परिसर में पौधरोपण किया गया. जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया जिसमें सरपंच पूजा बाई एवं सचिव श्रीलाल पवांर ने पौधे लगायें तथा उनके रखरखाव और पेड़ बनाने कि जिम्मेदारी ली. इस मौके पर शाला प्रबंधक शिवनारायण तोमर, ईश्वर सिंह परमार, उपसरपंच बीरम सिंह तोमर, इंदरसिंह तोमर, लालसिंह, उपयंत्री पीएल रायकवाड़ उपस्थित रहे.

पड़ाना के 146 किसानों को ऋण वसूली नोटिस

खाद, बीज व केसीसी का बकाया 7 दिन में जमा करें

नवभारत न्यूज

पडाना 09 जुलाई, सं. कृषि सेवा केंद्र पडाना क्षेत्र के 146 किसानों को तहसीलदार परगना सारंगपुर ने कालातीत ऋण जमा करने के नोटिस जारी किए हैं. म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 146 के तहत जारी इन नोटिसों में खाद, बीज एवं केसीसी के लंबे समय से लंबित बकाया को जमा करने को कहा गया है.

तहसील कार्यालय की मांग सूची के अनुसार किसानों को सूचना मिलने के 7 दिन के भीतर शास्ति व आदेशिका फीस सहित राशि जमा करनी होगी. निर्धारित समय में भुगतान न होने पर राजस्व वसूली अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी. शाखा प्रबंधक जोरावर सिंह कलमोदिया का कहना है कि कालातीत बकाया वसूलना शासन की नियमित प्रक्रिया है, ताकि सहकारी समितियों को आगे ऋण वितरण में दिक्कत न आए.

बोवनी के मौसम में वसूली से किसान परेशान

मामले में किसानों का कहना है कि इस समय वे बोवनी में लगे है और काफी लागत खरीफ की बोवनी में लगता है. ऐसे में एक किसान जो कि औसतन 10 बीघा जमीन में बोवनी करता है उसे करीब 50 हजार तक का खर्च वहन करना पड़ता है. वही इस खर्च के समय में प्रशासन द्वारा वसूली अभियान चलाना किसानों के लिए परेशानी भरा साबित हो रहा है. वर्तमान फसल अनिश्चितता भरी है. इसलिए किसान अपनी संचित राशि को बचाकर चलता है.

मूंग-उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन 10 अगस्त तक

राजगढ़ 09 जुलाई, का. उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा बताया गया है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य 10 अगस्त तक किया जाएगा. कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा द्वारा उपार्जन कार्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाएगा. समर्थन मूल्य पर केवल ऑनलाइन पंजीकृत वास्तविक कृषकों से उनके सत्यापित रकबे के आधार पर उपज की खरीदी की जाएगी. शासन द्वारा मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 8,768 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7,800 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है.

उत्सव 17 जुलाई को होगा भव्य आयोजन, इस्कॉन कर रहा तैयारी, बैठक में बनाई रूपरेखा

ब्यावरा में पहली बार निकलेगी भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 09 जुलाई, का. ब्यावरा में पहली बार भगवान जगन्नाथ, भगवान बलदेव और माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा. इस्कॉन ब्यावरा के तत्वावधान में होने वाली इस यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. इस धार्मिक आयोजन को लेकर बुधवार रात ब्यावरा स्थित मेडतवाल धर्मशाला में एक बैठक हुई.

बैठक में शहर के गणमान्य नागरिक, जगन्नाथ भक्त और इस्कॉन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. बैठक में रथयात्रा की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई. मध्य प्रदेश इस्कॉन नामहट्ट विभाग के प्रमुख श्रीपाद केशव प्रभु ने रथयात्रा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भगवान की कृपा प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर है.

धार्मिक संगठनों से सहयोग का आह्वान

शास्त्रों के अनुसार, रथ पर विराजमान भगवान जगन्नाथ के दर्शन मात्र से मनुष्य जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति की ओर अग्रसर होता है. बैठक में रथयात्रा के मार्ग, स्वागत स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया. श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर भी बात हुई. आयोजन को सफल बनाने के लिए शहर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से सहयोग का आह्वान किया गया है.

17 जुलाई को श्री खाटूश्याम मंदिर से निकलेगी यात्रा

जिला प्रमुख नितिन पिपलोटिया ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 17 जुलाई, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे शुरू होगी. यह यात्रा गुना बायपास स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर से प्रारंभ होकर एबी रोड, मुख्य बाजार, पीपल चौराहा और सुभाष चौक होते हुए श्री अंजनीलाल मंदिर पहुंचेगी.

रथयात्रा के दौरान पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और जयघोष से भक्तिमय वातावरण बनेगा. समापन स्थल श्री अंजनीलाल मंदिर पर सामूहिक महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ का विशेष भात प्रसाद वितरित किया जाएगा.

हरे कृष्णा, हरे राम नाम का कीर्तन भी किया

इस दौरान भगवान जगन्नाथ नाम एवं हरे कृष्णा, हरे राम नाम का कीर्तन भी किया गया. जिसमें भक्त प्रभु की भक्ति में उत्साह के साथ झूमते नाचते नजर आए. नगरवासियों से अपील की गई है कि वे अपने परिवार और मित्रों के साथ इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करें. उनसे रथयात्रा को भव्य और सफल बनाने में सहयोग देने का आग्रह भी किया गया है.

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आवेदन 31 तक

राजगढ़ 09 जुलाई, का. किसानों की खरीफ फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के बीमा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है. किसान निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं.